# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रतूड़ा, रुद्रप्रयाग

**District Institute of Education & Training Ratura, Rudraprayag**

e-mail : **drcratura.rpg@gmail.com**


## ''नशा मुक्त भारत अभियान''

## Nasha Mukt Bharat Abhiyaan

## "विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र"

### कार्यक्रम की पृष्ठभूमि

समाज कल्याण विभाग ने नशीली दवाओं की मांग को कम करने के लिए नोडल एजेंसी होने के नाते 15 अगस्त 2020 को प्रमुख जन जागरूकता अभियान ''**नशा मुक्त भारत अभियान**'' (एनएमबीए) शुरू किया। जिसे वर्तमान में देश के सभी जिलों में विस्तारित किया गया है। जैसा कि हम 78 वें स्वतंत्रता दिवस के करीब पहुंच रहे हैं और एनएमबीए लॉन्च के बाद से अपने 5 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा गतिविधियों के आयोजन की एक सुनियोजित योजना बनाई गई है, जिसे सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के एनएमबीए उत्सव का विषय ''**विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र**'' है।

बच्चे देश का भविष्य होते हैं वे सकारात्मक समाज को बनाने में भागीदारी देते हैं। इस वजह से यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि सतत रूप से बच्चों के साथ नशे के दुष्प्रभावो पर चर्चा की जाय। इसी श्रृंखला में संस्थान द्वारा मुख्य विकास अधिकारी रुद्रप्रयाग के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग के साथ मिलकर इस अवसर पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति हेतु मुख्यत तीन पहलुओं पर बातचीत की गयी–

- नशे के दुष्प्रभाव को सामाजिक परिदृश्य में समझना।
- स्वास्थ्य पर नशे के दुष्प्रभाव को समझना।
- शैक्षणिक संदर्भ में सीखने–सिखाने की प्रक्रिया पर पर नशे के दुष्प्रभाव पर समझ विकसित करना।



# <u>कार्यक्रम की विस्तृत आख्या</u>

दिनांक 12 अगस्त 2024 को सस्थान द्वारा ''नशा मुक्त भारत अभियान'' के अंतर्गत एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में जनपद के लगभग 160 से अधिक विद्यालयों के संस्थाध्यक्षों द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। इसके साथ ही ऑफलाइन डायट में अध्ययनरत डी0एल0एड0 द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं और डायट के संकाय सदस्यों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इस प्रकार इस वेबिनार में २०० से अधिक प्रतिभागियों द्वारा आन/आफ लाइन प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत समय सारणी निम्नवत रही–

| क्र0सं0 | विषय | वक्ता/प्रस्तुति |
|---|---|---|
| 1 | स्वागत, परिचय एवं<br>वेबिनार के उद्देश्यों को साझा करना | डायट |
| 2 | कार्यक्रम परिचय एवं<br>नशे के सामाजिक दुष्प्रभावों पर चर्चा | समाज कल्याण विभाग |
| 3 | युवाओं के स्वास्थ्य पर नशे के दुष्प्रभाव | स्वास्थ्य विभाग |
| 4 | नशे के कारण बच्चों में सीखने संबंधी दुष्प्रभाव एवं बच्चों के साथ नशा–मुक्ति हेतु की जाने वाली गतिविधियां | डायट फैकल्टी एवं<br>अजीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन |
| 5 | नशा मुक्ति अभियान पर प्रतिज्ञा | प्राचार्य, डायट द्वारा |
| 6 | मुख्य शिक्षा अधिकारी, जनपद रुद्रप्रयाग का सम्बोधन | |
| | मुख्य विकास अधिकारी, जनपद रुद्रप्रयाग का सम्बोधन | |
| | प्राचार्य डायट रूद्रप्रयाग द्वारा आभार एवं धन्यवाद | |




कार्यक्रम के कुछ फोटोग्राफ

वेबिनार में समाज कल्याण अधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का परिचय और नशे से सामाजिक दुष्प्रभावो पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया गया। स्वास्थ विभाग से डा0 श्वेता कृष्णा, मनोचिकित्सक एच0एन0 बेस चिकित्सालय श्रीनगर, गढ़वाल द्वारा युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृति और उसका स्वास्थ्य पर असर पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया गया। ए0पी0एफ0 के प्रतिनिधियो और डायट द्वारा शिक्षा के संदर्भ में अपना विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।




मुख्य विकास अधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा अपने संबोधन में स्कूलों को, नशा मुक्ति हेतु समाज में व्यापक जागरूकता और जन चेतना लाने हेतु कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि जनपद पूर्ण रूप से नशामुक्त हो सके। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य, डायट द्वारा सभी प्रतिभागियों, वार्ताकारों और कार्यक्रम से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया। प्राचार्य द्वारा इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

इस वेबिनार का संचालन डायट संकाय सदस्य श्री पी0आर0 चमोली द्वारा किया गया। कार्यक्रम समन्वयक के रूप में डा0 विजय कुमार यादव, प्रवक्ता डायट की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ए0पी0एफ0 द्वारा कार्यक्रम आयोजन में तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। वेबिनार में मुख्य शिक्षा अधिकारी रुद्रप्रयाग, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा०शि0) रुद्रप्रयाग और जनपद के तीनों विकास खण्डों के खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया।

## कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले प्रतिभागियों का संख्यात्मक विवरण

| क्र0सं0 | प्रतिभागी का नाम | संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न माध्यमिक एवं उ0प्रा0वि0 के संस्थाध्यक्ष एवं अध्यापक | 160 | ऑन–लाइन |
| 2 | डायट संकाय सदस्य | 13 | ऑफ–लाइन |
| 3 | डी0एल0एड0 द्वितीय सेमेस्टर प्रशिक्षु | 37 | ऑफ–लाइन |
| 4 | विषय विशेषज्ञ / वक्ता / अतिथि | 05 | ऑफ–लाइन |
| | **योग** | **215** | |

**"Nasha Mukt Bharat"**

webinar held at DIET Rudraprayag on 12th August 2024:

- Webinar Title: Nasha Mukt Bharat
- Date: 12th August 2024
- Venue: DIET Rudraprayag
- Number of Participants:

  - 160 people (School Head) joined through Teams application
  - 37 D.El.Ed students participated
  - All teaching staff of DIET Rudraprayag & Guest present
- Guests and presenters:

  - CDO Rudrprayag
  - CP Raturi, Pracharya DIET Rudraprayag
  - Samaj Kalyan Adhikari Rudraprayag
  - Doctor Swati, HNB Base Hospital Shrinagar
  - DIET Faculty Rudraprayag
  - Members of Azim Premji Foundation
- Overview:

  The webinar focused on the importance of creating a drug-free India and the role of education in achieving this goal. The guests shared their views and expertise on the subject, and the participants engaged in a fruitful discussion.
- Key Takeaways:

  - The need for awareness and education to prevent drug abuse
  - The importance of community involvement in creating a drug-free society
  - The role of schools and educational institutions in promoting healthy habits and lifestyles

The webinar was a success, with active participation from all attendees. The event reinforced the commitment to creating a “Nasha Mukt Bharat” and inspired the participants to take action towards achieving this goal.

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
रतूड़ा, रुद्रप्रयाग।